
# 9 जुलाई को मेलबर्न में आयोजित कर्टेन रेज़र में आमिर खान फिल्म 'लगान' की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होंगे

सुलेना मजुमदार अरोरा

'लगान' के 25 साल पूरे होने के खास जश्न के लिए मेलबर्न जाएंगे आमिर खान। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न के 17वें संस्करण की तारीखों का हुआ ऐलान।



### IFFM 2026 में 'लगान' के 25 साल का होगा भव्य जश्न, कर्टेन रेज़र से होगी शुरुआत

भारत के बाहर भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े उत्सव इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (IFFM) के 17वें संस्करण का आयोजन इस साल 13 अगस्त से 23 अगस्त 2026 तक किया जाएगा। इस बार फेस्टिवल की शुरुआत एक खास कर्टेन रेज़र कार्यक्रम से होगी, जो फेस्टिवल शुरू होने से एक महीने पहले आयोजित किया जाएगा। यह विशेष आयोजन ऑस्कर-नामांकित क्लासिक फिल्म 'लगान' के 25 साल पूरे होने के जश्न को समर्पित होगा।

यह विशेष कार्यक्रम 9 जुलाई को मेलबर्न में आयोजित होगा, जहां अभिनेता और निर्माता आमिर खान फिल्म लगान की विशेष स्क्रीनिंग में शामिल होंगे। इसी कार्यक्रम के साथ मेलबर्न के प्रतिष्ठित ACMI सिनेमा में इस साल के फेस्टिवल का औपचारिक आगाज़ होगा। भारतीय सिनेमा की सबसे यादगार फिल्मों में गिनी जाने वाली लगान सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म की श्रेणी में ऑस्कर के लिए नामांकित होने वाली भारत की दूसरी फिल्म थी। आज भी यह फिल्म दुनियाभर के दर्शकों के बीच अपनी खास पहचान बनाए हुए है।

### भारतीय सिनेमा का वैश्विक मंच बना IFFM, दिग्गज सितारों ने बढ़ाई शान




पिछले कई वर्षों में 'इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न' भारतीय सिनेमा के लिए दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित मंचों में से एक बन चुका है। विक्टोरिया सरकार के सहयोग से आयोजित इस फेस्टिवल में अब तक भारतीय फिल्म जगत की कई बड़ी हस्तियां शामिल हो चुकी हैं। इनमें शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, ए.आर. रहमान, ऐश्वर्या राय बच्चन, रानी मुखर्जी, राम चरण, विजय सेतुपति, विक्की कौशल, विजय वर्मा और कीर्ति सुरेश जैसे कलाकारों के साथ-साथ राजकुमार हिरानी, शूजीत सरकार, अंजलि मेनन, अश्विनी अय्यर तिवारी, जोया अख्तर, रीमा दास, ओनिर और कबीर खान जैसे प्रसिद्ध फिल्म निर्माता भी शामिल रहे हैं।

### इस साल के फेस्टिवल को लेकर फेस्टिवल डायरेक्टर मितु भौमिक लांगे ने कहा



"इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न हमेशा उन कहानियों का जश्न मनाता है जिन्होंने दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी है। हमारे 17वें संस्करण की शुरुआत 'लगान' के 25 साल पूरे होने के जश्न बेहतर तरीके से नहीं हो सकती थी। यह फिल्म भारतीय सिनेमा की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और आज भी दुनियाभर के फिल्म निर्माताओं और दर्शकों को प्रेरित करती है। हमें खुशी है कि आमिर खान इस खास अवसर पर मेलबर्न आ रहे हैं। हमें विश्वास है कि इस बार भी फेस्टिवल भारतीय सिनेमा के बेहतरीन रंगों को दुनिया के सामने पेश करेगा और इसे यादगार बनाएगा।"

**इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न का 17वें संस्करण एक बार फिर दुनियाभर के फिल्म निर्माताओं, कलाकारों, इंडस्ट्री से जुड़े पेशेवरों और सिनेमा प्रेमियों को मंच पर लेकर आएगा। फेस्टिवल के दौरान फिल्मों की स्क्रीनिंग, प्रीमियर, विशेष चर्चाएं, मास्टरक्लास और कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**